प्रादेशिक समाचार
दिनांक–16.09.2025 (सुबह–0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज गणित और विज्ञान विषय के नवनियुक्त सहायक आचार्यों को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र, जेएसएससी ने भाषा विषय का भी संशोधित रिजल्ट किया जारी।**
2. **राज्य सरकार ने पूरे प्रदेश में अबुआ मेडिकल स्टोर खोलने का लिया फैसला, स्वास्थ्य मंत्री ने कहा– पहले चरण में सात सौ मेडिकल स्टोर होंगे शुरु, गरीबों को मिलेगी मुफ्त दवा।**
3. **केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तारीख एक दिन बढ़ाई, अब आज रात 12 बजे तक भरे जा सकेंगे रिटर्न।**
4. **राजधानी रांची समेत राज्य भर में अगले तीन दिन बारिश के आसार, आज हजारीबाग, कोडरमा, चतरा और लातेहार में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट।**
5. **सरायकेला में आयोजित जिला फुटबॉल लीग अर्जुना कप का हुआ रंगारंग समापन, पूर्व केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा हुए शामिल, खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला।**

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज गणित और विज्ञान विषय के 137 स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्यों और गोड्डा जिले के चयनित 213 इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्यों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। रांची के प्रोजेक्ट भवन में आयोजित एक समारोह में श्री सोरेन कुल 350 नवनियुक्त सहायक आचार्यों को नियुक्ति पत्र देंगे। मौके पर राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव भी मौजूद रहेंगे।

****

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग–जेएसएससी ने स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य नियुक्ति में भाषा विषय का संशोधित परिणाम जारी कर दिया। संशोधित परिणाम में कुल 813 अभ्यर्थियों ने सफलता पाई है। पूर्व में जारी परिणाम में भाषा विषय के सहायक आचार्य के लिए कुल 1,059 अभ्यर्थी सफल हुए थे। इस तरह संशोधित परिणाम में 246 अभ्यर्थी कम सफल हुए।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर कल से देश भर में सेवा पर्व की शुरुआत की जा रही है। झारखंड में भी इसे लेकर व्यापक तैयारी की गयी है। सांसद और भाजपा के प्रदेश महामंत्री आदित्य साहु ने बताया कि सेवा पर्व की शुरुआत रक्तदान शिविरों से की जायेगी।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले के प्राचीर से, वस्तु और सेवा कर यानी जीएसटी में और अधिक सुधारों की घोषणा की थी। इस महीने की 3 तारीख को जीएसटी परिषद ने आम लोगों की जीवन सुगमता के लिए कई क्षेत्रों में कर कटौती की थी। आज, एक नज़र कृषि क्षेत्र में जीएसटी सुधारों पर–

****

राज्य सरकार ने प्रदेश में अबुआ मेडिकल स्टोर खोलने का फैसला लिया है। इस मेडिकल स्टोर में गरीबों को मुफ्त दवा मिलेगी। इस सिलसिले में स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। मुलाकात के बाद डा. अंसारी ने कहा कि पहले चरण में 700 अबुआ मेडिकल स्टोर स्थापित होंगे। अगले चरण में और अधिक स्टोर खोले जाएंगे।

****

रेल मंत्रालय ने निर्णय लिया है कि पहली अक्टूबर से सामान्य आरक्षण खुलने के पहले 15 मिनट के दौरान केवल आधार प्रमाणित उपयोगकर्ता ही आईआरसीटीसी की वेबसाइट और उसके ऐप के माध्यम से टिकट बुक कर सकेंगे। वर्तमान में, यह पाबंदी केवल तत्काल बुकिंग पर लागू है। मंत्रालय ने कहा कि यह निर्णय यह सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है कि टिकट आरक्षण प्रणाली का लाभ आम उपयोगकर्ता तक पहुंच सकें और इसका दुरुपयोग न हो।

****

केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने आकलन वर्ष 2025–26 के लिए आयकर रिटर्न भरने की अंतिम तिथि एक दिन बढ़ाने का निर्णय लिया है। अब रिटर्न आज रात 12 बजे तक भरे जा सकेंगे। आयकर विभाग ने कल देर रात सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी।

****

गढ़वा जिले में किसानों को उन्नत खेती के प्रति जागरूक कर उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार का प्रयास किया जा रहा है.। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में अगले तीन दिन बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार, आज रांची, गिरिडीह, लोहरदगा, पलामू और गढ़वा में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, हजारीबाग, कोडरमा, चतरा और लातेहार जिले में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 20 सितंबर के बाद राज्य में बारिश से राहत मिल सकती है।

****

सरायकेला–खरसांवा के अर्जुना स्टेडियम में जिला स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित जिला फुटबॉल लीग अर्जुना कप का रंगारंग समापन हो गया है। माहिर एफसी सीनी की टीम को पराजित कर तुडियांग एफसी खरसावां की टीम चौम्पियन बनी। समारोह में पूर्व केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा शामिल हुए। उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। श्री मुंडा ने कहा कि खेल से साकारात्मक परिवेश तैयार किया जा सकता है।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने हजारीबाग में एक करोड़ के इनामी समेत तीन नक्सलियों के मारे जाने की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रिसालदार बाबा की दरगाह में की चादरपोशी।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं– विज्ञापन के बाद के जाति प्रमाण पत्र पर आरक्षण नहीं।

प्रभात खबर लिखता है– जेल में कैदी हुआ एचआईवी संक्रमित, हाईकोर्ट गंभीर।

दैनिक जागरण ने लिखा है– नौंवी व 11वीं में लिए विषय को दो वर्ष पढ़ना होगा अनिवार्य।

************समाप्त****************